लखनऊ, मंगलवार
26 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 22+4=26

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अब मात्र ₹ 3.00* में सोमवार से शुक्रवार*

**सुविधा** | रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट लगाने वाले 235 लाभार्थियों को मिला अनुदान

# बस एक क्लिक और सब्सिडी खाते में

**जासं, लखनऊ :** छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाकर बिजली पैदा करने वालों का सब्सिडी के लिए इंतजार खत्म हुआ। सोमवार को यूपीनेडा में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के 235 लाभार्थियों को कुल 4.5 करोड़ की केंद्र व राज्य की अनुदान राशि एक क्लिक से उनके खाते में भेज दी। इनमें 135 लाभार्थी राजधानी के हैं।

लाभार्थियों को प्लांट की स्थापना पर 30 फीसद राशि केंद्र सरकार से प्राप्त होती है। वहीं उप्र सोलर रूफटॉप पॉलिसी-2017 के तहत राज्य सरकार द्वारा घोषित 15 हजार रुपये प्रति किलोवॉट पर अधिकतम 30 हजार रुपये राज्य अनुदान दिया गया है। अनुदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बीते वर्ष जुलाई में मंत्री अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत ब्रजेश पाठक ने यूपीनेडा सोलर रूफटॉप पोर्टल की शुरुआत की थी। इस पोर्टल पर अब तक 15 मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट पर अनुदान पाने के लिए आवेदन किया गया है। उन्होंने प्रदूषण से बचने के लिए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की बात कही।

**135**
लाभार्थी लखनऊ के

प्रमुख सचिव अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग आलोक कुमार ने बताया कि सरकारी संस्थानों, चैरिटेबिल संस्थाओं आदि के हित में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका फाइल की है जिसमें ग्रॉस मीटरिंग के स्थान पर नेट मीटरिंग का प्रावधान बनाए रखे जाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी को आंदोलन की तरह लें। यूपीनेडा के निदेशक सुशील कुमार पटेल द्वारा आश्वस्त किया गया कि सोलर रूफटॉप घरेलू एवं अन्य उपभोक्ताओं को अनुदान प्राप्त करने में किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी यूपीनेडा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।